नाबालिगों के बढ़ते अपराध, महाराष्ट्र बना सबसे बड़ा हॉटस्पॉट

दंगा, लूट और हत्या जैसे मामलों में बढ़ रहा किशोरों का जुड़ाव

Manish.Jha@timesofindia

■ **मुंबई:** देशभर में आपराधिक घटनाओं में नाबालिगों की बढ़ती संलिप्तता समाज और प्रशासन के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। महाराष्ट्र में ऐसे मामलों की संख्या सबसे अधिक दर्ज की गई है। पहले छोटी-मोटी चोरी या झगड़ों तक सीमित रहने वाले किशोर अब हत्या, दंगा, लूट, साइबर ठगी और महिलाओं से जुड़े गंभीर अपराधों में भी शामिल पाए जा रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) के हालिया आंकड़ों ने इस चिंताजनक स्थिति को उजागर किया है।

रिपोर्ट के अनुसार, देश के कुल दंगा मामलों में महाराष्ट्र के नाबालिगों की संलिप्तता करीब 40% है। वोरीवली स्थित यूनाइटेड अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर ब्रिजेश पांडेय का कहना है कि सोशल मीडिया पर हिंसक कंटेंट, नशे की बढ़ती लत, गैंग कल्चर और परिवारों में संवाद की कमी किशोरों को अपराध की ओर धकेल रही है। चारकोप के रक्षा अस्पताल के बाल मनोवैज्ञानिक डॉक्टर प्रणव कावड़ा के अनुसार, कई मामलों में बच्चे अपराध को स्टेटस या रोमांच के रूप में देखने लगे हैं। मोबाइल गेम्स, वेब सीरीज और सोशल मीडिया पर वायरल होने की चाह भी उनके व्यवहार को प्रभावित कर रही है।

रिटायर्ड एसीपी कैलाश आह्वाड का कहना है कि कई किशोर संगठित गैंग के संपर्क में आकर छोटी उम्र में ही आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो जाते हैं। कुछ मामलों में आर्थिक तंगी, बेरोजगारी और टूटता पारिवारिक ढांचा भी इसका कारण बनता है।



सोशल मीडिया के विडियो से था प्रभावित

हाल ही में मुंबई के उपनगरीय इलाके मालवणी में 16 वर्षीय एक किशोर को बाइक लूट के मामले में गिरफ्तार किया गया। जांच में आरोपी सोशल मीडिया पर गैंगस्टर विडियो देखकर प्रभावित हुआ था। उसने साथियों के साथ मिलकर रात चलते युवक से मोबाइल और बाइक छीनी थी। पुलिस के अनुसार, किशोर पहले भी चोरी के मामलों में पकड़ा जा चुका था।

फैक्ट फाइल

नाबालिग अपराध से संबंधित हकीकत

- महाराष्ट्र नाबालिग अपराध के मामलों में शीर्ष राज्यों में शामिल
- चोरी, लूट और दंगे के मामलों में किशोरों की संख्या तेजी से बढ़ी
- बालक एवं महिला संबंधी अपराधों में भी किशोरों की संलिप्तता चिंता का विषय
- काफी संख्या में आरोपी स्कूल छोड़ चुके या परिवार से अलग रह रहे पाए गए

नाबालिगों में अपराध बढ़ने के कारण

- सोशल मीडिया पर हिंसक कंटेंट
- नशे की बढ़ती लत ■ गैंग कल्चर का प्रभाव
- परिवारों में बच्चों की निगरानी की कमी
- स्कूल छोड़ने वाले किशोरों की बढ़ती संख्या ■ स्कूलों में काउंसलिंग और मानसिक स्वास्थ्य पर पर्याप्त ध्यान नहीं

क्या हो सकते हैं समाधान?

- स्कूल स्तर पर नियमित काउंसलिंग ■ अभिभावकों द्वारा डिजिटल गतिविधियों पर नजर ■ खेल, कला और कौशल आधारित गतिविधियों को बढ़ावा ■ पुलिस और समाज के संयुक्त जागरूकता अभियान

NCRB ने कहा, स्थिति चिंताजनक

महाराष्ट्र में नाबालिग अपराधियों की स्थिति:
19,158

देश में नाबालिग अपराधियों की स्थिति :
27,649

हत्या के मामलों में नाबालिगों की संलिप्तता:

राज्य	मामले
महाराष्ट्र	1,324
बिहार	1,479
देशभर	8,943

चोरी और डकैती के मामले:

राज्य	मामले
महाराष्ट्र	1,193
दिल्ली	1,027
तमिलनाडु	989
देशभर	9,884

दंगों में नाबालिगों की भागीदारी

राज्य	मामले
महाराष्ट्र	323
हरियाणा	107
छत्तीसगढ़	61
देशभर	837

बालक और महिला संबंधी अपराध:

राज्य	मामले
मध्य प्रदेश	408
उत्तर प्रदेश	341
महाराष्ट्र	340
देश भर	2557

> नाबालिग अपराध कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि समाज और परिवार के सामने चुनौती है। समय रहते बच्चों को सही दिशा, संवाद और सकारात्मक वातावरण दे।- एडवोकेट आभा सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता

मई में 'क्लीन' मुंबई, हवा रही एकदम साफ

■ NBT रिपोर्ट, **मुंबई:** मई महीने में मुंबईकरों को वायु प्रदूषण से काफी राहत मिली है। पिछले चार महीनों की तुलना में इस महीने वायु गुणवत्ता सबसे बेहतर दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के 'समीर' ऐप के अनुसार मई के 28 दिनों में एक भी दिन एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 100 के पार नहीं गया, जबकि 12 दिन AQI 50 से कम रहा, जिसे अच्छी श्रेणी माना जाता है। जनवरी और फरवरी में अधिकांश दिनों में वायु गुणवत्ता असंतोषजनक रही थी, लेकिन मार्च से इसमें सुधार शुरू हुआ। विशेषज्ञ विश्वंभर चौधरी के अनुसार तापमान, बारिश, क्लाउडी मौसम और पश्चिमी हवाएं वायु गुणवत्ता को प्रभावित करती हैं। मई में सक्रिय पश्चिमी हवाओं ने प्रदूषण को वातावरण में टिकने नहीं दिया।

PM मोदी से मिले CM फडणवीस

नई दिल्ली में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर राज्य के विकास से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान फडणवीस ने महाराष्ट्र में वर्तमान में चल रही विभिन्न महत्वाकांक्षी और आधारभूत संरचना परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति तथा उनकी प्रगति के बारे में प्रधानमंत्री को विस्तार से जानकारी दी। प्रधानमंत्री से पहले मुख्यमंत्री फडणवीस ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटील के साथ गन्ना और प्याज उत्पादक किसानों के विभिन्न मुद्दों, राज्य की सिंचाई परियोजनाओं तथा जल जीवन मिशन के कार्यों आदि विषयों पर चर्चा की।

दिल्ली: मंत्री शिवेंद्र सिंह ने की विकास कार्यों की समीक्षा

■ NBT रिपोर्ट, **मुंबई:** दिल्ली दौरे के दौरान महाराष्ट्र के सार्वजनिक निर्माण मंत्री शिवेंद्र सिंह राजे भोसले ने नए और पुराने महाराष्ट्र सदन में चल रहे विकास और मरम्मत कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों और इंजीनियरों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने लंबित कार्यों को तय समयसीमा में पूरा करने के साथ पूरा करने के निर्देश दिए और साफ कहा कि नागरिक सुविधाओं से जुड़े कामों में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री भोसले ने कहा कि महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में नागरिक सरकारी कामकाज, इलाज और अन्य कारणों से दिल्ली आते हैं। ऐसे में महाराष्ट्र सदन राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाला महत्वपूर्ण केंद्र है, जहां बेहतर सुविधाएं, स्वच्छता, रखरखाव और आधुनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए स्वीकृत आवास निर्माण कार्यों में भी तेजी लाने को कहा।

सस्ते सोने का लालच बन रहा 'जाल', मुंबई और ठाणे में ठगी गिरोह सक्रिय

जवेरी बाजार में 30 लाख की ठगी, कई मामलों की पुलिस जांच जारी

■ NBT रिपोर्ट, **मुंबई:** सस्ते दाम में शुद्ध सोना दिलाने का लालच देकर लोगों को ठगने वाले गिरोह मुंबई और ठाणे में सक्रिय है। पुलिस के मुताबिक आरोपी व्यापारियों और ग्राहकों से संपर्क कर बाजार भाव से कम कीमत पर सोना उपलब्ध कराने का भरोसा देते हैं। भरोसा जीतने के लिए खुद को बड़े गोल्ड सिंडिकेट से जुड़ा बताते हैं और नकली कारोबारी सेटअप तैयार करते हैं। नॉर्थ रोजन के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरोह के सदस्य कई दिनों तक संपर्क में रहकर लोगों का विश्वास जीतते हैं। इसके बाद नकद रकम लेकर फरार हो जाते हैं। हाल के दिनों में मुंबई और ठाणे में ऐसे कई मामले सामने आए हैं।

दो आरोपी हुए गिरफ्तार

एक मामले में जवेरी बाजार के व्यापारियों को सस्ते सोने का झांसा देकर करीब 30 लाख रुपये की ठगी की गई। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं दादर इलाके में गहने बनाने के लिए दिया गया 1651 ग्राम शुद्ध सोना लेकर एक कथित कारीगर फरार हो गया। इस मामले में भोईवाड़ा पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार कई गिरोह सोशल मीडिया, फोन कॉल और पहचान के जरिए लोगों से संपर्क कर रहे हैं। आरोपी नकली सोने, फर्जी बिल और झूठे दस्तावेजों के जरिए लोगों को जाल में फंसा रहे हैं।

देवनार: मृत जानवरों के निपटान पर विवाद

■ NBT रिपोर्ट, **मुंबई:** देवनार में बने मृत जानवरों के निपटान प्रोजेक्ट को लेकर विवाद बढ़ गया है। आरोप है कि 10.5 करोड़ रुपये खर्च कर बनाए गए इस प्रोजेक्ट में हर महीने केवल 5 से 6 मृत कुत्तों का दाह संस्कार हो रहा है। इसे लेकर स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन पर सवाल उठाए हैं।

एमआईएम गटनेता विजय उबाले ने कहा कि इतने कम इस्तेमाल वाले प्रोजेक्ट पर करोड़ों रुपये खर्च करना पैसों की बर्बादी है। उन्होंने पूछा कि जब इलाके के जरूरी काम मंजूरी का इंतजार करते हैं, तब इस प्रोजेक्ट को इतनी तेजी से मंजूरी कैसे मिली।

मुंबई में डेंगी का खतराः रोज मिल रहे 290 मच्छरों के ब्रीडिंग स्पॉट

मॉनसून की दस्तक से पहले अलर्ट मोड पर BMC

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

महानगर में मॉनसून की दस्तक से पहले डेंगी और मलेरिया फैलाने वाले मच्छरों का खतरा बढ़ने लगा है। जनवरी से अब तक बीएमसी की जांच में हर दिन औसतन 290 मच्छर ब्रीडिंग स्पॉट मिले हैं। यही वजह है कि बारिश शुरू होने से पहले बीएमसी ने मुंबई में मच्छर प्रतिबंधक अभियान तेज कर दिया है।

बीएमसी के कीटकनाशक विभाग के अनुसार, जनवरी 2026 से 27 मई 2026 तक मुंबई के सभी 26 प्रशासनिक वार्डों में बड़े स्तर पर सर्वे और फॉगिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 22 हजार 80 जगहों का निरीक्षण किया गया और 32 लाख 51 हजार 623 घरों की जांच हुई। इनमें से 30 लाख 17 हजार 220 घरों और परिसरों में धुआ फवारागी यानी फॉगिंग की गई।

जांच के दौरान 37 हजार 800 जगहों पर डेंगी फैलाने वाले एडीस एजिप्टी मच्छरों के लार्वा मिले, जबकि 4 हजार 529 जगहों पर मलेरिया फैलाने वाले एनोफिलीस मच्छरों की उत्पत्ति पाई गई। इन सभी ब्रीडिंग स्पॉट को नष्ट कर दिया गया। आंकड़ों के अनुसार, पिछले करीब पांच महीनों में 42 हजार से ज्यादा मच्छर उत्पत्ति स्थल मिले हैं, यानी रोजाना औसतन 290 स्पॉट।

1 हजार से अधिक कर्मचारी मैदान में

बीएमसी आयुक्त अश्विनी भिडे ने कहा कि मॉनसून के दौरान डेंगी और मलेरिया के खतरे को देखते हुए 1 हजार से अधिक कर्मचारी और अधिकारी लगातार मैदान में काम कर रहे हैं। पानी की टंकियां, झोपड़पट्टियों में रखे ड्रम, प्लास्टिक और विरपाल में जमा पानी, पुराने टायर, गमलों की प्लेटें और खाली बोतलों की जांच की जा रही है। अभियान के दौरान 540 टायर और 1.16 लाख से ज्यादा कबाड़ जैसी वस्तुएं हटाई गईं, जहां मच्छर पनप सकते थे। BMC ने लोगों से अपील की है कि घर और आसपास पानी जमा न होने दे, क्योंकि मॉनसून में थोड़ी सी लापरवाही डेंगी और मलेरिया का खतरा बढ़ा सकती है।

*T&C Apply. Images shown are for representative purposes only, and the actual product may vary. This is a limited-period offer and the product is available without this offer as well. Finance schemes are available in select towns and on select models at select retail outlets. KY Rock is available on select models at retail outlets Bajaj Finance Limited (BFL) offers 9/1, 10/2 and 12/4 EMI schemes on all models. An 8/0 EMI scheme is available on 43 and above models, while an 18/6 EMI scheme and Fixed EMI starting from ₹2828 are available on 55 and above models only. HDB Financial Services offers 8/0, 8/1, 9/1, 10/2, 12/2 and 12/4 EMI schemes on all models. Home Credit offers 12/4, 10/2 and 8/0 EMI schemes on all models. IDFC offers 8/1, 9/1, 10/2 and 12/4 EMI schemes on all models, while an 8/0 EMI scheme is applicable on 43 and above models only. TVS Finance offers 12/4, 10/2 and 8/0 EMI schemes on all models. Additionally, 9/0 EMI is available on 43 and above models, and 10/0 EMI is applicable on 55 and above models only. Pine Labs offers 10% cashback up to ₹5000 on 3, 6, 9 and 12 months EMI tenure on selected models. A 5% cashback up to ₹3500 is also available on select models on full swipe transactions. Also No Cost EMI also available on select models. All offers are valid for a limited period and are subject to availability and applicable terms. E.&O.E.

महिला को भेजे अश्लील विडियो, केस हुआ दर्ज

आरोपी युवक की तलाश में जुटी साकीनाका पुलिस

■ NBT रिपोर्ट, **मुंबई:** साकीनाका निवासी महिला को कथित तौर पर अश्लील विडियो भेजकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और धमकी देने का मामला सामने आया है। साकीनाका पुलिस ने 28 वर्षीय आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता महिला एक निजी कंपनी में कार्यरत है। एक महीने पहले महिला के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से अश्लील विडियो और आपत्तिजनक संदेश आने शुरू हुए। आरोप है कि वह महिला पर बातचीत करने का दबाव बना रहा था और इनकार करने पर सोशल मीडिया पर उसे बदनाम करने की धमकी दे रहा था। परेशान होकर महिला ने साकीनाका पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर संबंधित युवक के खिलाफ महिला विरोधी अपराध, आईटी एक्ट और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है। डीसीपी दत्ता नलावडे ने बताया कि ऑनलाइन माध्यमों का दुरुपयोग कर महिलाओं को परेशान करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

भारतीय रेल

प्रेस विज्ञप्ति

डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) न्यू जेएनपीटी और न्यू सफाले स्टेशनों से अप और डाउन मालगाड़ियों का संचालन कर रहा है। इस संबंध में एक सार्वजनिक सूचना पहले ही समाचार पत्रों में 24.05.2026 पर प्रकाशित की जा चुकी है। स्थानीय जनता को सूचित किया जाता है कि अपनी सुरक्षा हेतु डीएफसीसीआईएल रेल मार्ग एवं संबंधित अवसंरचना से दूर रहें। डीएफसीसीआईएल ट्रैक पर अनधिकृत प्रवेश अथवा रेल मार्ग पार करना पूर्णतः प्रतिबंधित है तथा ऐसा करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य महाप्रबंधक
डीएफसीसीआईएल / मुंबई

पश्चिम मध्य रेल

ट्रेन क्रमांक 12431 (राजधानी एक्सप्रेस) में कोटा मण्डल में दिनांक 17.05.2026 को कोच और पावरकार में लगी आग की घटना के संबंध में यात्रियों से अतिरिक्त जानकारी प्राप्त करने हेतु सार्वजनिक सूचना

दिनांक 17.05.2026 को गाडी संख्या 12431 में कोटा मण्डल में नागदा स्टेशन निकलने के बाद वुली शेड और विक्रमगढ़ आलोट स्टेशनों के बीच कोच और पावरकार में आग की घटना के संबंध में उच्च स्तरीय जीच समिति द्वारा विस्तृत जीच की जा रही है। घटना के कारणों एवं परिस्थितियों के संबंध में अधिकाधिक तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त करने हेतु उक्त गाडी में यात्रा कर रहे यात्रियों से भी जानकारी प्राप्त किया जाना अपेक्षित है। अतः उक्त गाडी में विशेषन से दिल्ली तक यात्रा कर रहे यात्रियों से अनुरोध किया जाता है कि यदि उनके पास घटना से संबंधित कोई आवश्यक जानकारी, फोटो, वीडियो अथवा अन्य उपयोगी तथ्य उपलब्ध है और वे उन्हें साझा करना चाहते हैं। तो वे निम्नलिखित माध्यमों के द्वारा दिनांक 31.05. 2026 तक साझा कर सकते हैं।

1. **मोबाइल नंबर : 9752415832,**
2. **वाट्सएप नंबर : 9752415832**
3. **ई-मेल : hqsafetywc2016@gmail.com**

उप मुख्य संरक्षा अधिकारी (यातायात) संरक्षा विभाग, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

(पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन)
तीसरी मंजिल, वरली गैराज बिल्डिंग, डॉ. ई. मोजेस रोड, वरली, मुंबई-18
प्रमुख अभि / प. एवं ज.प./831 दिनांक 27.05.2026

ई-निविदा सूचना

आयुक्त, बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) निम्नलिखित ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करते हैं:-

सं.	कार्य का नाम	बयाना राशि (रु.)	निविदा जांच शुल्क (रु.)	निविदा प्रारंभ तिथि एवं समय	निविदा समाप्ति तिथि एवं समय
1	गणेश उत्सव 2026 के लिए मुंबई में गणपति प्रतिमा निर्माताओं (मूर्तिकारों) को पर्यावरण-स्नेही रंग की आपूर्ति, परिवहन और विभागवार वितरण। **निविदा आईडी – 2026_MCGM_1305644_1**	1,02,000/-	23,560/- (19,965/- + 18% जीएसटी)	27.05.2026 (शाम 6:00 बजे)	16.06.2026 (शाम 4:00 बजे)
2	मुंबई में मूर्ति विसर्जन स्थलों (निम्न ज्वार रेखा) पर तीन वर्ष की अवधि के लिए संपूर्ण मूरिंग एक्सेसरीज़ के साथ समुद्री नेविगेशन ब्यायज़ और सौर लालटेन की स्थापना, विखंडन/इंटार्न सहित पर्यवेक्षण कार्य। **निविदा आईडी – 2026_MCGM_1305645_1**	2,69,600/-	23,559/- (19,965/- + 18% जीएसटी)	27.05.2026 (शाम 6:00 बजे)	16.06.2026 (शाम 4:00 बजे)

निविदा की प्रति महाराष्ट्र सरकार की ई-प्रापण प्रणाली (महानिविदा) **(https://mahatenders.gov.in)** से डाउनलोड की जा सकती है। साथ ही, बीएमसी के पोर्टल पर ई-निविदा अनुभाग के अंतर्गत भी निविदा की प्रति डाउनलोड की जा सकती है।

PRO/456/ADV/2026-27
Avoid self medication

स्वाक्षरित / -
कार्यकारी अभियंता
(पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन)-1

Reliance Industries Limited
Growth is Life

रजिस्टर्ड कार्यालय: 3री मंजिल, मेकर चैम्बर IV, 222, नरीमन पॉइंट, मुंबई 400 021
दूरभाष: +91-22-2278 5000 • फैक्स: +91-22-2204 2268 • ई-मेल: investor.relations@ril.com
CIN: L17110MH1973PLC019786

कंपनी के सदस्यों के लिए सूचना

उनचासवीं वार्षिक आम बैठक (आईपीओ-पश्चात) और ई-वोटिंग पर सूचना

कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा जारी लागू परिपत्रों के अनुपालन में आयोजित होने वाली कंपनी की उनचासवीं वार्षिक आम बैठक (आईपीओ-पश्चात), वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (**"वीसी"**)/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (**"ओएवीएम"**) के माध्यम से, **शुक्रवार, 19 जून, 2026 को (भारतीय समयानुसार) दोपहर 2:00 बजे ("एजीएम")** हुआ/ की सूचना और वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एकल और समेकित लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण, बोर्ड की रिपोर्ट, लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और यहां संलग्न करने के लिए आवश्यक अन्य दस्तावेजों के साथ, **गुरुवार, 28 मई, 2026** को इलेक्ट्रॉनिक रूप से सेबी सदस्यों को भेजे गए हैं। इसके अलावा, बैक-लिंक प्रदान करने वाला एक पत्र, स्टीक पत्र सहित, जहां वार्षिक रिपोर्ट और वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एजीएम की सूचना उपलब्ध है, उन सदस्यों को भेजा जा रहा है जिनका ई-मेल पता कंपनी/केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (**"केफिनटेक"**), कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट/डिपॉजिटरी प्रतिभागी (सी)/डिपॉजिटरी में पंजीकृत नहीं है। एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2025-26 के वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट **www.ril.com** पर और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट, यानी बीएसई लिमिटेड (**"बीएसई"**) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (**"एनएसई"**) क्रमशः **www.bseindia.com** और **www.nseindia.com** और **केफिनटेक** की वेबसाइट, **https://evoting.kfintech.com** पर उपलब्ध हैं।

एजीएम की सूचना में संदर्भित दस्तावेज एजीएम की सूचना के प्रयोजन की तारीख से लगी काम-काजी दिनों पर, सदस्यों द्वारा निरीक्षण के लिए इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपलब्ध हैं। ऐसे दस्तावेजों का निरीक्षण करने के इच्छुक सदस्य **rilagm@ril.com** पर अपना फोलियो नंबर/डीपी आईडी और क्लाइंट आईडी का उल्लेख करते हुए ई-मेल भेज सकते हैं।

रिमोट ई-वोटिंग और एजीएम के दौरान ई-वोटिंग:

कंपनी अपने सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों (**"ई-वोटिंग"**) द्वारा एजीएम पर पारित किए जाने वाले प्रस्तावों पर मतदान के अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है। सदस्य अपना वोट वहां नीचे दी गई तारीखों पर दूर से भी डाल सकते हैं (**"रिमोट ई-वोटिंग"**)। कंपनी ने ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए एजेंसी के रूप में केफिनटेक की सेवाएं ली हैं।

मतदान के तरीके के बारे में सूचना और निर्देश, जिसमें शामिल है डीमैटीरियलाइज्ड मोड, भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों द्वारा दूरस्थ रूप से मतदान करना और सदस्य जिन्होंने अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं किया है उन्हें यह एजीएम की सूचना में दिया गया है। यह तरीका जिसमें (अ) व्यक्ति जो एजीएम की सूचना के प्रेषण के बाद कंपनी के सदस्य बने हैं और ऑट-ऑफ तिथि (यहां उल्लिखित) को शेयर धारण किए हैं; (ब) सदस्य जो यूजर आईडी और पासवर्ड भूल गए हैं, वे यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर/उत्पन्न/पुनःप्राप्त कर सकते हैं एजीएम के नोटिस में भी यही प्रावधान किया गया है।

दूरस्थ ई-वोटिंग की सुविधा निम्नलिखित वोटिंग अवधि के दौरान उपलब्ध होगी:

दूरस्थ ई-वोटिंग की शुरुआत : **रविवार, 14 जून, 2026 को भारतीय समयानुसार दोपहर 9:00 बजे**

दूरस्थ ई-वोटिंग का अंत : **गुरुवार, 18 जून, 2026 को भारतीय समयानुसार शाम 5:00 बजे**

फूलॉक तिथि और समय के बाद दूरस्थ ई-वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी और दूरस्थ ई-वोटिंग मॉड्यूल केफिनटेक द्वारा फूलॉक अवधि की समाप्ति पर अक्षम कर दिया जाएगा।

एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा वोट नहीं डाला है, वे एजीएम में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (**"इंस्टा पोल"**) का इस्तेमाल कर सकेंगे।

केवल वह व्यक्ति, जिसका नाम कट-ऑफ तिथि, यानी शुक्रवार, 12 जून, 2026 को डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए सदस्यों के रजिस्टर / लाभकारी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज है, रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने और इंस्टा पोल के माध्यम से मतदान करने का हकदार होगा।

ई-मेल पता पंजीकृत/अद्यतन करने का तरीका:

अ) भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य, जिन्होंने कंपनी में अपना ई-मेल पता पंजीकृत/अद्यतन नहीं किया है, उनसे अनुरोध किया जाता है कि वे विधिवत भरा और हस्ताक्षरित फॉर्म आईएसआर-1 (कंपनी की वेबसाइट **www.ril.com** पर उपलब्ध) के साथ आवश्यक सहायक दस्तावेजों सहित केफिनटेक रिजस्टार इंडस्ट्रीज लिमिटेड को सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31 और 32, गाचीबावली, फाइनेन्शियल डिस्ट्रिक्ट, नानाक्रमगुडा, हैदराबाद 500 032 में जमा कर अपना ई-मेल पता पंजीकृत/अद्यतन करें।

ब) डीमैटीरियलाइज्ड मोड में शेयर रखने वाले सदस्य, जिन्होंने अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट(स) के साथ अपना ई-मेल पता पंजीकृत/अद्यतन नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे अपना ई-मेल पता डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट(स) में पंजीकृत/अद्यतन करें, जहां वे अपने डीमैट खाते रखते हैं।

ई-वोटिंग से संबंधित कोई भी प्रश्न हो सदस्य केफिनटेक की वेबसाइट: **https://evoting.kfintech.com** के 'डाउनलोड' सेक्शन में हेल्पडाउन मेनू के माध्यम से 'हेल्प' और 'एफएक्यू' सेक्शन/ई-वोटिंग यूजर मैनुअल देख सकते हैं।

सदस्यों से अनुरोध है कि यदि ई-वोटिंग से संबद्ध कोई, प्रश्न/शिकायत हो तो उनके समाधान के लिए निम्नलिखित संपर्क विवरणों पर ध्यान दें:
श्री वी. बालाक्रिष्णन, उपाध्यक्ष
केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड
मुनिट: सिलमंबा इंडस्ट्रीज लिमिटेड
सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31 और 32, गाचीबावली, फाइनेन्शियल डिस्ट्रिक्ट,
नानाक्रमगुडा, हैदराबाद 500 032
ई-मेल: **evoting.ril@kfintech.com**
टोल फ्री नंबर: 1800 309 4001 (सभी कार्य दिवसों में सुबह 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक)

वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में शामिल होना:

सदस्य वीसी/ओएवीएम के माध्यम से, निमोनीट से, https://joeevents.jio.com/rilagm पर एजीएम में भाग ले सकेंगे। उपरोक्त लिंक उनके द्वारा जारी वाले सत्रित क्रेडेंशियल के साथ में लॉगइन करके और एजीएम में भाग लेने के लिए अपनाए जाने वाले चरणों को एजीएम की नोटिस के नोट नं. 9 में समझाया गया है। रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डालने वाले सदस्य भी एजीएम में शामिल हो सकते हैं लेकिन एजीएम में अपना वोट दोबारा डालने के पात्र नहीं होंगे।

निदेशक मंडल के आदेश से
हस्ताक्षर/-
सारिका पारेख
कंपनी सचिव और
अनुपालन अधिकारी

www.ril.com